राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

‘डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेन्ट लोक कला पुरस्कार’

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बधाई देते हुए लोक कला क्षेत्र में किए कार्यों को सराहा

लोक कला मर्मज्ञ श्री विजय वर्मा का निवास स्थान पर जाकर किया सम्मान

जयपुर, 2 फरवरी। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र द्वारा प्रदत्त किया जाने वाला प्रतिष्ठित ‘डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेन्ट लोक कला पुरस्कार’ राज्यपाल एवं पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के अध्यक्ष श्री कलराज मिश्र के निर्देशानुसार बुधवार को लोक कला मर्मज्ञ श्री विजय वर्मा को स्वास्थ्य कारणों से उनके निवास स्थान पर जाकर प्रदान किया गया।

राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की निदेशक श्रीमती किरण सोनी गुप्ता ने मानसरोवर स्थित श्री विजय वर्मा के निवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। पुरस्कार स्वरूप श्री वर्मा को शॉल ओढाकर, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर एक लाख पच्चीस हजार पाँच सौ रुपये का चैक प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा दिया जाने वाला ‘डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेन्ट लोक कला पुरस्कार’ इस बार संयुक्त रूप से महाराष्ट्र के ठाणे के कला मनीषी डॉ. प्रकाश सहदेव खांडगे तथा जयपुर के श्री विजय वर्मा को संयुक्त रूप से घोषित किया गया था।

राज्यपाल ने दी बधाई

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने ‘कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेन्ट लोक कला पुरस्कार’ से सम्मानित श्री विजय वर्मा को बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने लोक कलाओं के लिए किए श्री वर्मा के कार्यों की सराहना की तथा कहा कि लोक कलाओं के संरक्षण और विकास से ही जीवन को संपन्न किया जा सकता है।

———